प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में लंबित म्यूटेशन मामलों को लेकर राज्य सरकार पर साधा निशाना, भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के कारण 18 हजार मामले अटकने का लगाया आरोप।
- गुमला के रायडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो नवजात शिशुओं के खरीद–फरोख्त मामले की जांच हुई शुरू, उपायुक्त ने दो दिनों में रिपोर्ट सौंपने के दिए निर्देश।
- सरायकेला–खरसावां में "रन फॉर गजराज – दलमा मैराथन" का आयोजन, हाथियों और वन्य प्राणियों के संरक्षण का दिया गया संदेश।
- मौसम विभाग ने देवघर, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, जामताड़ा और सरायकेला–खरसावां जिलों के लिए येलो अलर्ट किया जारी, तेज हवाओं और वज्रपात की जताई संभावना।
- महिला क्रिकेट विश्व कप में कोलंबो में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला जारी, ताज़ा समाचार मिलने तक भारत ने 45.3 ओवर में 7 विकेट पर 203 रन बनाए।

****

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में जमीन के लंबित म्यूटेशन मामलों को लेकर हेमंत सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झारभूमि पोर्टल के डाटा ट्रांसफर के बाद भी आवेदन खोलने में 15–20 मिनट लग रहे हैं और रांची जिले में करीब 18 हजार मामले लंबित हैं। श्री मरांडी ने आरोप लगाया कि सीओ को रिश्वत या जमीन का हिस्सा नहीं मिलने के कारण मामले अटके हैं और सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का तंज कसा।

****

गुमला जिले के रायडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो नवजात शिशुओं के खरीद–फरोख्त मामले की जांच शुरू हो गई है, जिसमें जिला बाल संरक्षण इकाई और बाल कल्याण समिति ने शिशुओं के परिजनों से मुलाकात कर मामले का संज्ञान लिया। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है, जिसे दो दिन में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी ने भी केंद्र जाकर सभी संबंधितों से पूछताछ की और मीडिया को बताया कि जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

****

सरायकेला–खरसावां में आज 71वें वन्य प्राणी सप्ताह के अवसर पर "रन फॉर गजराज – दलमा मैराथन" का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य हाथियों और अन्य वन्य प्राणियों के संरक्षण का संदेश लोगों तक पहुंचाना था। 16 किलोमीटर लंबी मैराथन शहरबेड़ा फुटबॉल मैदान से शुरू होकर दलमा पहाड़ के तराई क्षेत्रों से गुजरते हुए वापस मैदान पर समाप्त हुई। इस अवसर पर ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने कहा कि ऐसे आयोजनों से जन–जागरूकता बढ़ती है। मौके पर उपायुक्त नितिश कुमार सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह दौड़ हाथियों के संरक्षण और उनके आवास क्षेत्र की सुरक्षा के लिए सशक्त संदेश देती है।

****

लातेहार के बेतला नेशनल पार्क को प्रजनन काल के बाद आज पर्यटकों के लिए खोल दिया गया। उद्घाटन के मौके पर डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकांत जेना सहित वन विभाग के अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि अब पर्यटक हाथी, हिरण, भालू समेत कई दुर्लभ वन्यजीव देख सकेंगे और सफारी, गाइड के साथ सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था की गई है।

****

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बीच कल पटना में अहम बैठक होने जा रही है। झामुमो अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस बातचीत के लिए मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और महासचिव विनोद पांडेय को जिम्मेदारी सौंपी है। झामुमो इस बार बिहार के सीमावर्ती जिलों में 12 सीटों की मांग करेगा, जिनमें तारापुर, कटोरिया, मनिहारी, झाझा, बांका और अन्य सीटें शामिल हैं। 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में झामुमो ने राजद को 7 सीटें दी थीं, जिनमें से राजद ने 4 पर जीत हासिल की थी।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की थी। 22 सितंबर से शुरू यह उत्सव पूरे देश में लाभकारी साबित हो रहा है। आज इस कड़ी में पेश है हिमाचल प्रदेश के उद्योगों पर जीएसटी सुधारों के प्रभाव की एक रिपोर्ट—

****

गोड्डा में आदिवासी बाहुल्य गांव के विकास में आदि कर्मयोगी अभियान महत्वपूर्ण साबित होगा। इसके तहत गांवों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता —

****

संक्षिप्त खबरें

- सरायकेला—खरसावां जिले के सीनी ओपी क्षेत्र अंतर्गत कमलपुर गांव में एक युवक के अपहरण और फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने एक 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने जानकारी दी कि गिरफ्तार आरोपी के ठिकानों से एक देसी कट्टा और एक जिंदा गोली भी बरामद की गई है।
- पाकुड़ में हाट बाजारों से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले तीन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानंद आजाद ने जानकारी दी कि उनके पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है।
- लातेहार जिले के बालूमाथ प्रखंड के बघोता टोला में जंगली हाथी का एक बच्चा मृत पाया गया। घटना के बाद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कर मामले की जांच शुरू की है।

****

मौसम विभाग ने अगले तीन घंटे के अंदर देवघर, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, जामताड़ा और सरायकेला—खरसावां जिलों के कुछ हिस्सों में येलो अलर्ट जारी कर गर्जन, वज्रपात और वर्षा होने की संभावना जताई है, साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है।

****

कोलंबो में एकदिवसीय महिला क्रिकेट विश्व कप में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया है। ताजा समाचार मिलने तक भारत ने 45.3 ओवर में 7 विकेट पर 203 रन बना लिये हैं। भारत ने अब तक पाकिस्तान के खिलाफ सभी 11 मुकाबले जीते हैं, जिसमें 2022 विश्व कप में पिछले मुकाबले में 107 रनों की शानदार जीत शामिल है।

*******समाप्त********